गार्ड ट्रेनिंग सेन्टर कोटा के अधिकारियों के लड़कों के लिए बसों का प्रबन्ध

3354. **श्री ओंकारलाल बेरवा :** क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या गार्ड ट्रेनिंग सेन्टर, कोटा के अधिकारियों के लड़कों के लिए मिलिटरी स्कूल बसों का प्रबंध किया जाता है, और

(ख) यदि हां, तो श्रेणी III तथा IV के कर्मचारियों के लड़कों के लिए क्या परिवहन साधन उपलब्ध है ?

रक्षा मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह) : (क) गार्ड प्रशिक्षण केन्द्र के सैनिक अफसरों के स्कूल जाने वाले बच्चों के लिये भुगतान पर सरकारी परिवहन की व्यवस्था की जाती है जैसा कि प्राधिकृत है।

(ख) (1) अफसर पद से नीचे के सेवा कार्मिकों के स्कूल जाने वाले बच्चों को निशुल्क सरकारी परिवहन दिया जाता है।

(2) असैनिक तृतीय श्रेणी और चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों के स्कूल जाने वाले बच्चों को परिवहन सुविधा नहीं दी जाती क्योंकि वर्तमान प्राधिकरण में वे सम्मिलित नहीं है।

रूसी नौसैनिक जहाजों को बन्दरगाह की सुविधाओं की कथित व्यवस्था

3355. **श्री भारत सिंह चौहान :** क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या जून माह के अन्त में 'न्यूजवीक' में प्रकाशित इस आशय के समाचार की ओर सरकार का ध्यान दिलाया गया है कि रूसी नौसेनिक जहाजों को विशाखापत्तनम, निकोबार तथा अंडमान में बन्दरगाह की सुविधाएं प्रदान की जा रही है, और

(ख) इस सम्बन्ध में पूरे तथ्य क्या है और सरकार की नीति क्या है ?

रक्षा मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह) : (क) और (ख) सरकार का ध्यान दिनांक 3 जून, 1974 के 'न्यूजवीक' में प्रकाशित नक्शे की ओर दिलाया गया है जहां विशाखापत्तनम और अण्डमान तथा निकोबार द्वीप समूहों में सोवियत संघ को जो पोत पत्तन सुविधाएं उपलब्ध है दिखाया गया है। सोवियत संघ के नौसैनिक जहाजों के लिए विशेष सुविधाओं की व्यवस्था नहीं है। भारत की यात्रा करने वाले सभी मित्र देशों के नौसैनिक जहाजों को बन्दरगाह की सुविधाएं दी जाती है बशर्ते ऐसी सुविधाएं उपलब्ध हों।

Firms in Madhya Pradesh allowed to Buy and Sell Polio Vaccine without having Cold Storage Facilities

3356. SHRI LALJI BHAI: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY PLANNING be pleased to state

(a) whether recently in Madhya Pradesh, several medical shops which did not have cold storage facilities were allowed to buy and sell Polio vaccine,

(b) whether due to this factor, rise in polio incidence in Madhya Pradesh has increased many fold, and

(c) if so, what action has been taken by Government in this regard?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY PLANNING (SHRI A K M ISHAQUE): (a) Shops in Madhya Pradesh are not allowed to buy and sell polio vaccine Only Hospitals receive polio vaccine direct

(b) and (c) Do not arise

बीकानेर जिप्सम लिमिटेड, उदयपुर

3357. **श्री लालजी भाई :** क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या राजस्थान में राक फास्फेट के समृद्ध निक्षेपों को ध्यान में रखते हुए केन्द्रीय